राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक प.14(32)(1)RSSB/अर्थना/उ.वि./भर्ती/पात्रता जांच/2018/3176 दिनांक : 24/08/2018

—::कार्यालय आदेश::—

बोर्ड द्वारा राजस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा नियम–1966 के अन्तर्गत उद्योग विभाग के उद्योग निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में उद्योग निरीक्षक के पदों पर वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों के डेढ गुणा अभ्यर्थियों को केवल पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु सूचीबद्ध कर दिनांक 21.08.2018 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर के कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन में कुछ अभ्यर्थी सूचना के बाद भी अनुपस्थित रहे है। पात्रता की जांच अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अन्तिम रूप से अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि वे दिनांक **28.08.2018 को प्रातः 11 बजे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर के कार्यालय में** पात्रता की जांच एवं मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विस्तृत आवेदन एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित हों। पुनः अवसर दिये जाने के बाद भी यदि उक्त अभ्यर्थी अनुपस्थित रहते हैं, तो उक्त पदों की भर्ती में उनके आवेदन पर विचार नही किया जायेगा तथा उनका आवेदन यह मानते हुए निरस्त कर दिया जायेगा कि वे इस भर्ती में पात्रता की जांच करवाने के इच्छुक नही है। इस संबंध में पुनः अवसर दिया जाना सम्भव नही होगा। अभ्यर्थियों के नाम एवं रोल नम्बर की निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	नाम अभ्यर्थी	पिता का नाम	रोल नम्बर
1	दया	राजेन्द्र कुमार	316947
2	दिलीप मीना	नेमीचन्द्र मीना	311906
3	प्रहलाद राम	चौखाराम	313147

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए:–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिए आवश्यक निर्देश एवं उद्योग निरीक्षक के पदों पर भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन को ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लें।
2. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, अनुभव, आयु, जाति, आचरण, विशेष श्रेणी यथा विशेष योग्यजन, भूतपूर्व सैनिक, विवाह पंजीयन, उत्कृष्ट खिलाडी, मूल निवास, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्वयं द्वारा प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।
3. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिए आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ.बी.एल.जाटावत)
अध्यक्ष